नज़रों से नज़र एज भेद कहे - २
दिल दिल से कहे एक अफ़साना, हाय अफ़साना

रंगीन फ़िज़ा छाए तो ज़रा
वादे पे कोई आए तो ज़रा
ऐ जोश-ए-वफ़ा दिल चीज़ है क्या - २
हम जान भी दें दें नज़राना, हाय नज़राना

बेचैन नज़र बेताब ज़िगर ...

film: Didi singer: Mukesh, Sudha Malhotra
lyrics: Sahir music: Sudha Malhotra

सुधा: तुम मुझे भूल भी जाओ तो ये हक़ है तुमको
मेरी बात और है मैंने तो मुहब्बत की है

मेरे दिल की मेरे जज़बात की कीमत क्या है
उलझे-उलझे से ख्यालात की कीमत क्या है
मैंने क्यूं प्यार किया तुमने न क्यूं प्यार किया
इन परेशान सवालात कि कीमत क्या है
तुम जो ये भी न बताओ तो ये हक़ है तुमको
मेरी बात और है मैंने तो मुहब्बत की है
तुम मुझे भूल भी जाओ तो ये हक़ है तुमको

मुकेश: ज़िन्दगी सिर्फ़ मुहब्बत नहीं कुछ और भी है
ज़ुल्फ़-ओ-रुख़सार की जन्नत नहीं कुछ और भी है
भूख और प्यास की मारी हुई इस दुनिया में
इश्क़ ही एक हक़ीकत नहीं कुछ और भी है
तुम अगर आँख चुराओ तो ये हक़ है तुमको
मैंने तुमसे ही नहीं सबसे मुहब्बत की है
तुम अगर आँख चुराओ तो ये हक़ है तुमको

सुधा: तुमको दुनिया के ग़म-ओ-दर्द से फ़ुरसत ना सही
सबसे उलफ़त सही मुझसे ही मुहब्बत ना सही
मैं तुम्हारी हूँ यही मेरे लिये क्या कम है
तुम मेरे होके रहो ये मेरी क़िस्मत ना सही
और भी दिल को जलाओ ये हक़ है तुमको
मेरी बात और है मैंने तो मुहब्बत की है
तुम मुझे भूल भी जाओ तो ये हक़ है तुमको

सो जा राजकुमारी सो जा

ITRANS Song Book: 1294.s

film: singer: K.L. Saigal lyrics: music:

मैं क्या जानूं क्या (जादू है - ३) - २
इन दो मतवाले नैंनों में (जादू है - ३)
मैं क्या जानूं ...

एक एक अथाह सागर सा है - २
इन दो मतवाले नैंनों में (जादू है - ३)
मैं क्या जानूं ...

(मन पूछ रहा है अब मुझसे
नैंनों ने कहा है क्या तुझसे) - २
जब नैन मिले (नैंनों ने कहा - २)
जब नैन मिले नैंनों ने कहा
अब नैन बसे के नैंनों में
मैं क्या जानूं ...

ITRANS Song Book: 1295.s

film: Saheli singer: Mukesh
lyrics: Indeevar music: Kalyanji, Anandji

जिस दिल में बसा था प्यार तेरा
उस दिल को कभी का तोड़ दिया, हाय, तोड़ दिया
बदनाम न होने देंगे तुझे
तेरा नाम ही लेना छोड़ दिया, हाय, छोड़ दिया
जिस दिल में बसा था प्यार तेरा

जब याद कभी तुम आओगे
समझेंगे तुम्हें चाहा ही नहीं
राहों में अगर मिल जाओगे
सोचेंगे तुम्हें देखा ही नहीं
जो दर पे तुम्हारे जाती थीं
उन राहों को हमने छोड़ दिया हाय, छोड़ दिया
जिस दिल में बसा था प्यार तेरा

हम कौन किसी के होते हैं
कोई हमको याद करेगा क्यूं
अपने दो आंसू भी हम पर
कोई बरबाद करेगा क्यूं - २
उस मांझी को भी गिला हमसे
मंझधार में जिसने छोड़ दिया, हाय, छोड़ दिया
जिस दिल में बसा था प्यार तेरा ...

ITRANS Song Book: 1296.s

film: Rattan (1944) singer: Zohra Ambala
lyrics: D.N. Madok music: Naushad

(अँखियां मिलाके जिया भरमा के
चले नहीं जाना, (हो चले नहीं जाना - २)) - २

जाओ जाने ना दूंगी मैं रस्ता रोक लूंगी - २
हो सैंया के पैर पर जाऊंगी रोके कहूंगी - २
अँखियां मिला के ...

आहों के बदले आहें लेना जी दगा ना देना - २
हां नैन भरे ना रोए रोए दिल ये कहे ना - २
अँखियां मिला के ...

जाने का नाम न लो राजा जी दिल बैठा जाए - २
हां देखो जी देखो दुखी दिल की परे ना हाय - २
अँखियां मिला के ...

ITRANS Song Book: 1297.s

film: Yasmin singer: Talat Mahmood
lyrics: Jaan Nisar Akhtar music: C. Ramchandra

बेचैन नज़र बेताब जिगर
ये दिल है किसीका दीवाना हाय दीवाना
कब शाम हो और वो शम्मा जले
कब उड़ कर पहुंचे परवाना हाय परवाना

है दिल का चमन खिलने के लिये
आएगा कोई मिलने के लिये
फूलों से कहो तारों से कहो - २
चुपके से सजा दें वीराना, हाय वीराना

जब रात ज़रा शबनम में घुले
लहराई हुई वो ज़ुल्फ़ खुले

film: singer: Pankaj Mallik lyrics: music:

पिया मिलन को जाना, हां पिया मिलन को जाना
जग की राह, मन की मौज, दोनों को निभाना
पिया मिलन को जाना, हां पिया मिलन को जाना

काँटे बिखरा के चलूं, पानी ढलका के चलूं - २
सुख के लिये सीख रखूं - २
पहले दुख उठाना, पिया मिलन को जाना ...

(पायल को बांध के - २), उठी चुभ नाग के (?)
पायल को बांध के
धीरे-धीरे दबे-दबे पावों को बढ़ाना
पिया मिलन को जाना ...

बुझे दिये अंधेरी रात, आँखों पर दोनों हाथ - २
कैसे करे कठिन बत - २
चल के आज़माना, पिया मिलन को जाना
हां पिया मिलन को जाना, जाना
पिया मिलन को जाना, जाना
पिया मिलन को जाना, हां
पिया मिलन को जाना

ITRANS Song Book: 1291.s

film: singer: Pankaj Mallik lyrics: music:

ये रातें **(slow)**
ये रातें ये मौसम ये हँसना हँसाना, ये रातें
मुझे, भूल जाना, इन्हें ना भुलाना भुलाना भुलाना
ये रातें

(ये बहकी निगाहें - २), ये बहकी अदाएँ
ये बहकी निगाहें ये बहकी अदाएँ
ये आँखों के काजल में डूबी घटाएँ
फ़िज़ा के, फ़िज़ा के लबों पर, फ़िज़ा के
फ़िज़ा के लबों पर ये छुप का फ़साना
मुझे, भूल जाना, इन्हें ना भुलाना भुलाना भुलाना
ये रातें

चमन में, चमन में जो मिल के बनी है कहानी
हमारी मुहब्बत तुम्हारी जवानी, चमन में
ये दो गर्म साँसों का इक साथ आना
ये बदली का चलना ये बूंदों की रुमझुम - २
ये मस्ती का आलम ये खोए से हम तुम
तुम्हारा, तुम्हारा मेरे साथ ये गुनगुनाना
मुझे, भूल जाना, इन्हें ना भुलाना भुलाना भुलाना
ये रातें

ITRANS Song Book: 1292.s

film: singer: Mukesh lyrics: music:

जाऊं कहां बता ऐ दिल
दुनिया बड़ी है संगदिल
चांदनी आई घर जलाने
सूझे ना कोई मंज़िल
जाऊं कहां बता ऐ दिल

बन के टूटे यहां, आरज़ू के महल
ये ज़मीं, आसमां, भी गए हैं बदल
कहती है ज़िन्दगी, इस जहां से निकल
जाऊं कहां बता ऐ दिल ...

हाय इस पार तो, आंसुओं की डगर
जाने उस पार क्या, है किसे ये खबर
ठोकरें, खा रही, हर कदम पर नज़र
जाऊं कहां बता ऐ दिल ...

ITRANS Song Book: 1293.s

film: singer: K.L. Saigal lyrics: music:

सो जा **(slow)**
सो जा राजकुमारी सो जा
सो जा मैं बलिहारी सो जा
सो जा राजकुमारी सो जा

सो जा मीठे सपने आएँ
सपनों में पी दरस दिखाएँ - २
उड़ कर रूपनगर में जाएँ - २
रूपनगर की सखियां आएँ - २
राजाजी माला पहनाएँ - २
चूमे मांग तिहारी सो जा

फिर मुझे दीद-ए-तर याद आया
दिल जिगर तिशन-ए-फ़रियाद आया
फिर मुझे दीद-ए-तर याद आया

दम लिया था न क़यामत ने हनो - २
फिर तेरा वक़्त-ए-सफ़र याद आया
फिर मुझे दीद-ए-तर याद आया

ज़िन्दगी यूँ भी गुज़र ही जाती - २
क्यूँ तेरा राहगुज़र याद आया
फिर मुझे दीद-ए-तर याद आया

फिर तेरे कूचे को जाता है ख़याल - २
दिल-ए-गुमगश्ता मगर याद आया
फिर मुझे दीद-ए-तर याद आया

film: Waris (1954) singer: Talat
lyrics: Qamar Jalalabadi music: Anil Biswas

कभी हैं ग़म कभी खुशियां यही तो ज़िन्दगानी है
कभी लब पर हँसी है और कभी आँखों में पानी है
कभी हैं ग़म

ने घबरा आसमां पर छा गया है आज अगर बादल - २
के ये बादल ही चन्दा के निकलने की निशानी है - २
कभी हैं ग़म

भरा करते हैं ज़ख्म-ए-दिल और आँसू भी हैं थम जाते - २
और आँसू भी हैं थम जाते
बनाई जिसने दुनिया ये उसी की मेहरबानी है - २
कभी हैं ग़म ...

film: Milan singer: Lata
lyrics: Prem Dhawan music: Hansraj Bahl

हाए जिया रोये, रोये, हाए जिया रोये, रोये
पिया नाहीं आय, हाए, हाए जिया रोये, रोये
हाए जिया रोये
एक मैं ही जागूं, हो एक मैं ही जागूं
सारा जग सोये
हाए जिया रोये, रोये, हाए जिया रोये

तुमने तो देखा होगा, ऐ चांद तारों - २
कित गये मोरे सैंयां, तुम ही पुकारो, हो
तुम ही पुकारो जाओ उनको
इतना बताओ
हाए जिया रोये, रोये, हाए जिया रोये

कब तक जिये कोई, बिरहा की मारी - २
चंदा मेरी चांदनी मोहे, लागे अंधियारी, हो
लागे अंधियारी आओ सैंयां
अब तो आ जाओ
हाए जिया रोये, रोये, हाए जिया रोये

film: Man Mauji singer: Lata
lyrics: Rajinder Krishan music: Madan Mohan

मैं तो तुम संग, नैन मिला के (slow)
हार गई सजना, हो, हार गई सजना
मैं तो तुम संग, नैन मिला के
हार गई सजना, हो, हार गई सजना

क्यूँ झूठे से प्रीत लगाई - २
क्यूँ छलिये को मीत बनाया
क्यूँ आंधी में दीप जलाया
मैं तो तुम संग ...

सपने में जो बाग़ लगाए
नींद खुली तो वीराने थे
हम भी कितने दीवाने थे
मैं तो तुम संग ...

ना मिलतीं ये बैरन अँखियां
चैन न जाता दिल भी ने रोता
काश किसी से प्यार न होता
मैं तो तुम संग ...

कसम मेरी खा कर इतना बता दो
किसी और से दिल लगा तो ना लोगे
धीरे धीरे चोरी चोरी आके मिल
टूट ना जाये प्यार भरा दिल
मंज़िल मेरी बस तू ही तू - २
तेरी गली मैं चली

चुरा के दिल मेरा गोरिया चली

ITRANS Song Book: 1283.s

film: Zunoon ? singer: Kishore
lyrics: music: Laxmikant, Pyarelal ?

प्यार के इस खेल में, दो दिलों के मेल में
तेरा पीछा ना मैं छोड़ूंगा सोनिये
भेज दे चाहे जेल में
प्यार के इस खेल में ...

(डरता मैं नहीं, चाहे हो ज़मीं, चाहे आसमां
जहां भी तू जायेगी मैं वहां चला आऊंगा) - २
तेरा (पीछा ना मैं छोड़ूंगा सोनिये - २)
भेज दे चाहे जेल में
प्यार के इस खेल में ...

(ओ जान-ए-जिगर, दिन में तू अगर, मुझसे ना मिली
सपनों में आके सारी रात जगाऊंगा) - २
तेरा (पीछा ना मैं छोड़ूंगा सोनिये - २)
भेज दे चाहे जेल में
प्यार के इस खेल में ...

(दिल के हाथ से, लिख ले बात ये, वादा ये रहा
तेरे घर लेके बारात कभी आऊंगा) - २
तेरा (पीछा ना मैं छोड़ूंगा सोनिये - २)
भेज दे चाहे जेल में
प्यार के इस खेल में ...

ITRANS Song Book: 1284.s

film: Mashaal singer: Kishore
lyrics: Javed Akhtar music: Hridyanath Mangeshkar

लिये सपने निगाहों में, चला हूँ तेरी राहों में
ज़िन्दगी आ रहा हूँ मैं - २

कई यादों के चेहरे हैं, कई किस्से पुराने हैं
तेरी सौ दास्तानें हैं, तेरे कितने फ़साने हैं - २
मगर एक वो कहानी है, जो अब मुझको सुनानी है
ज़िन्दगी आ रहा हूँ मैं

मेरे हाथों की गरमी से, पिघल जायेंगी ज़ंजीरें
मेरे कदमों की आहट से, बदल जायेंगी तक़दीरें - २
उम्मीदों के दिये लेकर, ये सब तेरे लिये लेकर
ज़िन्दगी आ रहा हूँ मैं

कभी तुझको गिला मुझसे, कभी मुझको शिकायत है
मगर फिर भी तुझे मेरी, मुझे तेरी ज़रूरत है - २
मैं ये इक़रार करता हूँ, मैं तुझसे प्यार करता हूँ
ज़िन्दगी आ रहा हूँ मैं

ITRANS Song Book: 1285.s

film: Madhosh singer: Talat Mahmood
lyrics: Raja Mehdi Ali Khan music: Madan Mohan

मेरी याद में तुम ना, आँसू बहाना
न दिल को जलाना, मुझे भूल जाना
मेरी याद में ...

जुदा मेरी मंज़िल, जुदा तेरी राहें
मिलेंगी न अब, तेरी मेरी निगाहें
मुझे तेरी दुनिया से, है दूर जाना
न दिल को जलाना, मुझे भूल जाना
मेरी याद में ...

ये रो रो के कहता है, टूटा हुआ दिल - २
नहीं हूँ मैं तेरी मुहब्बत के क़ाबिल
मेरा नाम तक अपने लब पे ना लाना
न दिल को जलाना, मुझे भूल जाना
मेरी याद में ...

ITRANS Song Book: 1286.s

film: Mirza Ghalib singer: Talat Mahmood
lyrics: Ghalib music: Ghulam Mohammad

नज़र चुराना भी इक अदा है
है उधर नहीं कुछ उधर न देखो
इधर है वो दिल जो तुझको चाहे
बहुत हसीं है तुम्हारा गुस्सा
हमे तो इसपे भी प्यार आये
तुम्हारी आँखों ने क्या कहा है - २
पूछो तुम ये करीब आके
हाय ये करीब आके
छुड़ा के दामन ...

को: ल ल

अजीब हालत है आज अपनी
हर एक तमन्ना मचल रही है
क्यूं आज मुझको ये लग रहा है
कि दिल कि धड़कन बदल रही है
है आशिकाना मिज़ाज़ अपना
कहो तुम्हारा मिज़ाज़ क्या है
अगर कहो तुम तो मैं बत दूं
छुपा दिल में वो राज़ क्या है
मैं चाहती हूं कि तुमको रख लूँ - २
अपनी हर साँस में छुपा के
साँस में छुपा के

छुड़ा के दामन ...

खबर है मुझको ...

film: Rajanigandha singer: Mukesh
lyrics: Yogesh? music: Salil Chowdhury ?

कई बार यूं भी देखा है
ये जो मन कि सीमा रेखा है
मन तोड़ने लगता है
अन्जानी प्यास के पीछे
अन्जानी आस के पीछे
मन दौड़ने लगता है

राहों में, राहों में, जीवन की राहों में
जो खिले हैं फूल फूल मुस्कुराके
कौन सा फूल चुराके, रख लूं मन में सजाके
कई बार यूं भी देखा है ...

जानूं ना, जानूं ना, उलझन ये जानूं ना
सुलझाऊं कैसे कुछ समझ ना पऊं
किसको मीत बनाऊं, किसकी प्रीत भुलाऊं
कई बार यूं भी देखा है ...

film: Main Khiladi tu Anadi singer: Kumar Sanu
lyrics: music:

चुरा के दिल मेरा गोरिया चली - २
उड़ा के निंदिया कहां तू चली
पागल हुआ दीवाना हुआ
कैसी ये दिल की लगी
चुरा के दिल तेरा चली मैं चली
मुझे क्या पता कहां मैं चली
मंज़िल मेरी बस तू ही तू
चुरा के दिल मेरा चुरा के दिल

अभी तो लगे हैं चाहतों के मेले
अभी दिल मेरा धड़कनों से खेले
किसी मोड़ पे मैं तुमको पुकारूं
बहाना कोई बना तो ना लोगे
अगर मैं बता दूं मेरे दिल में क्या है
तुम मुझसे निगाहें चुरा तो ना लोगे
अगर बढ़ गयी है बेताबियां
कहीं मुझसे दामन छुड़ा तो ना लोगे
कहता है दिल धड़कते हुए
तुम सनम हमारे हम तुम्हारे हुए
मंज़िल मेरी बस तू ही तू - २
तेरी गली मैं चली

चुरा के दिल मेरा गोरिया चली
चुरा के दिल तेरा चली मैं चली

नही बेवफ़ा तुम ये मुझको खबर है
बदलती रुतों से मगर मुझको डर है
नई हसरतों की नई सेज पर तुम
नया फूल कोई सजा तो ना लोगे
वफ़ाएं तो मुझसे बहुत तुमने की है
मगर इस जहां में हसीं और भी हैं

आना ही पड़ेगा, आना ही पड़ेगा
सर इश्क़ के कदमों पे झुकाना ही पड़ेगा
आना ही पड़ेगा

(नगमा मेरा हर साँस में रस घोल रहा है
इस साँस के परदे में खुदा बोल रहा है) - २
छेड़ा है अगर साज़ तो गाना ही पड़ेगा - २
सर इश्क़ के कदमों पे झुकाना ही पड़ेगा
आना ही पड़ेगा
आना ही पड़ेगा आ आ

(टपकेगा लहू दर्द भरे राग से कब तक
खेलेगी तेरी मस्त अदा आग से कब तक) - २
इस खेल में अब हाथ जलाना ही पड़ेगा - २
सर इश्क़ के कदमों पे झुकाना ही पड़ेगा
आना ही पड़ेगा
आना ही पड़ेगा आ आ

(उल्फ़त कभी दुनिया से डरेगी ना डरी है
?रों ने जवानी से सदा माँग भरी है) - २
हँसने के लिये ज़ख्म तो खाना ही पड़ेगा - २
आना ही पड़ेगा - ४

film: Dil-e-Nadan singer: Talat Mahmood
lyrics: Shakeel music: Ghulam Mohammad

तेरी खातिर सितम दिल पे गवारा कर लिया मैंने
कहा किसने मुहब्बत से किनारा कर लिया मैंने

जो खुशी से चोट खाये,
वो जिगर कहां से लाऊं - २
किसी और को जो देखे,
वो नजर कहां से लाऊं - २
जो खुशी से चोट खाये

मुझे तेरी आरज़ू है,
मेरे दिल में तू ही तू है - २
बसे गैर जिसमें आ कर,
मैं वो घर कहां से लाऊं - २
जो खुशी से चोट खाये

तेरी बेरुखी पे सदके,
तेरी हर अदा पे कुर्बां - २
करे और को जो सजदे,
मैं वो सर कहां से लाऊं - २

जो खुशी से चोट खाये
वो जिगर कहां से लाऊं - २
जो खुशी से चोट खाये

A TALAT TID BIT : Talat also recorded the song 'Chal ud jaa re panchi, ke ab ye des hua begana' for the old movie 'Bhabhi' but it was never used in the film.

film: Imtihan singer: lyrics: music:

Slow: छुड़ा के दामन तो जा रहे हो
ठहरे क्यूँ दो कदम पे जा के
दो कदम पे जा के

खबर है मुझको है प्यार तुझको
ठहरे क्यूं यूँ नज़र मिला के
यूँ नज़र मिला के

कोरस: तू रू

Fast: छुड़ा के दामन तो जा रहे हो - २
ठहरे क्यूँ दो कदम पे जा के
दो कदम पे जा के

खबर है मुझको है प्यार तुझको
ठहरे क्यूँ यूँ नज़र मिला के
यूँ नज़र मिला के

को: ल ल चि ...

नज़र मिलाना भी एक अदा है
नज़र झुकाना भी इक अदा है
ये बात सच है किसीसे पूछो

दुल्हन बनी हुई, अब के चमन में आई है
बहार हो के तेरी, अन्जुमन में आई है

तो सजना आये हैं
डोली लाये हैं, सहेलियों, अब तो बढ़ाओ मोरी शान
तारों से मोरी माँग भरो - ३

आया है कोई लेने मुझको बांध कर सर पर सेहरा
मेरे ख्यालों का गहना है चाँद सा उसका चेहरा
जग उठे हैं अरमान, तारों मोरी माँग भरो
हो सजना आये हैं
डोली लाये हैं, सहेलियों, अब तो बढ़ाओ मोरी शान
तारों से मोरी माँग भरो

माथा बिन्दिया से चमका दो, अँखियों में भरदो कजरा
हाथ रचा दो मेहंदी से और डालो गले में गजरा
होगा तुम्हारा एहसान
तारों मोरी माँग भरो
हो सजना आये हैं
डोली लाये हैं, सहेलियों, अब तो बढ़ाओ मोरी शान
तारों से मोरी माँग भरो

मुझको विदा करवादो सखियों
मोरे मात-पिता से
दूर खड़ा आँसू ना बहाये
कह दो ये भैया से
मैं तो थी मेहमान
तारों से मोरी माँग भरो

(हो सजना आये हैं
डोली लाये हैं, सहेलियों, अब तो बढ़ाओ मोरी शान
तारों से मोरी माँग भरो) - २

film: non-film singer: Firoz Akhtar lyrics: music:

हम चल तो पड़े हैं जज़्बा-ए-दिल - २
जाना है किधर मालूम नही
हम चल तो पड़े हैं जज़्बा-ए-दिल
जान है किधर मालूम नही
आगाज़-ए-सफ़र पर नाज़ हैं - २
अंजाम-ए-सफ़र मालूम नही
हम चल तो पड़े हैं ...

(कब जाम भरे, कब दौर चले
कब आये इधर मालूम नही) - २
उठे भी अगर ठहरेगी कहां - २
साक़ी की नज़र मालूम नही
हम चल तो पड़े हैं ...

(हम अकेले की हद से भी गुज़रे
सेहरा-ए-जुनून भी छान लिया) - २
अब और कहां ले जाएगी - २
साक़ी की नजर मालूम नही
हम चल तो पड़े हैं ...

(मुमकिन हो तो इक लम्हे के लिये
तकलीफ़ें तबस्सुम कर लीजै) - २
हम में से अभी तक कितनो को
महफ़ूम-ए-सेहर मालूम नही

हम चल तो पड़े हैं जज़्बा-ए-दिल
जाना है किधर मालूम नही

जज़बात के सौ
(जज़बात के सौ आलम गुज़रे
अहसास की सदियां बीत गई) - २
आँखों से अभी उन आँखों तक - २
कितना है सफ़र मालूम नही
आँखों से अभी उन आँखों तक
कितना है सफ़र मालूम नही

हम चल तो पड़े हैं जज़्बा-ए-दिल

film: Alif Laila singer: Talat Mehmood lyrics: music:

The slow lines before the main song:

उदास उदास फ़िज़ाओं में नूर छलकाओ
बुझे बुझे हुए तारों को हँस के चमकाओ
गुरुर-ए-हुस्न सलामत न राह दिखलाओ
रबग डूब गया, खूने अब तो आ जाओ (?)

मेरी ख़ाक-ए-क़ब्र ज़ालिम
यही एक रह गई है
मेरी प्यार की निशानी

फ़ासले ऐसे भी होंगे
ये कभी सोचा ना था
सामने बैठा था मेरे
और वो मेरा ना था

वो के ख़ुशबू की तरह
फ़ैला था मेरे चारसू
मैं उसे महसूस कर सकता था
छू सकता ना था

रात भर पिछली ही आहट
कान में आती रही
झनक कर देखा गली में
कोई भी आया ना था

याद करके और भी
तकलीफ़ होती थी अदीम
भूल जाने के सिवा
अब कोई भी चारा ना था

ITRANS Song Book: 1273.s

film: Intaqam singer: Rafi
lyrics: Rajendra Krishan music: Laxmikant, Pyarelal

जो उन की तमन्ना है, बरबाद हो जा
तू ऐ दिल मुहब्बत की किस्मत बना दे
तड़प और तड़प कर अभी जान दे दे
यूं मरते हैं मर जाने वाले, दिखा दे
जो उन की तमन्ना है, बरबाद हो जा ...

ना उन का तबस्सुम, तेरे वास्ते है
ना तेरे लिये उन की ज़ुल्फ़ों के साये
तू बेआस फिर क्यों जिये जा रहा है
जवानी में ये ज़िन्दगानी लुटा दे
जो उन की तमन्ना है, बरबाद हो जा ...

सितम या करम हुस्न वालों की मर्ज़ी
यही सोच कर कोई शिकवा ना करना
सितमगर सलामत रहे हुस्न तेरा
यही उस को मिटने से पहले दुआ दे
जो उन की तमन्ना है, बरबाद हो जा ...

ITRANS Song Book: 1274.s

film: non-film singer: Gulam Ali lyrics: music:

हुस्न वालों ने किया जलवा तो बिजलियां हज़ार गिरीं
हम भी कुछ दिखाते तो क़यामत हो जाती

चलता हूँ थोड़ी दूर हर इक तेज़ रौ के साथ
पहचानता नहीं हूँ अभी राहबर को मैं

ITRANS Song Book: 1275.s

film: non-film singer: Jagjit Singh, Lata lyrics: music:

रंजिश ही सही दिल ही दुखाने के लिये आ - २
आ फिर से मुझे छोड़ के जाने के लिये आ
रंजिश ही सही ...

किस किस को बतायेंगे जुदाई का सबब हम - २
रस्मों रहे दुनिया ही निभाने के लिये आ आ आ
रंजिश ही सही ...

पहले ...
पहले से मरासिम ना सही फिर भी कभी तो - २
तू भी तो कभी मुझको मनाने के लिये आ
रंजिश ही सही ...

तुझको ...
तुझको बहुत आते हैं, ना आने के बहाने - २
वैसे ही किसी रोज़ ना जाने के लिये आ आ आ

रंजिश ही सही दिल ही दुखाने के लिये आ
आ फिर से मुझे छोड़ के जाने के लिये आ

ITRANS Song Book: 1276.s

ना जाने वो चाँद का टुकड़ा कैसा होगा) - २
मिलते ही उनसे हाय दिल में,
एक बेक़रारी सी दिन रात होगी
फिर होगा क्या
को : या यय्यय , या ययय

(बैठें होंगे रास्ते पे वो आँखें बिछाये
हर आहट पे सोचते होंगे, साजन आये) - २
क्या हाल होगा, वहां कुछ ना पूछो
दिल में उमंगों कि बरात होगी
फिर होगा क्या

(खुलके होंगी तन्हाई में दिल की बातें
प्यासे तनमन पे होंगी रिम-झिम बरसातें) - २
ऐ मेरे दिल ये भी तो सोच ले तू
कोई सहेली अगर साथ होगी
फिर होगा क्या

film: Sushila singer: Talat, Rafi
lyrics: Jan Nisaar Akhtar music: C. Arjun

रफ़ी: ग़म कि अंधेरी रात में
दिल को ना बेक़रार कर
सुबह ज़रूर आयेगी
सुबह का इन्तज़ार कर
ग़म कि अंधेरी रात में

तलत: दर्द है सारी ज़िन्दगी
जिसका कोई सिला नहीं
दिल को फ़रेब दीजिये
और ये हौसला नहीं - २

रफ़ी: ख़ुद से तो बदगुमान ना हो
ख़ुद पे तो ऐतबार कर
सुबह ज़रूर आयेगी
सुबह का इन्तज़ार कर
ग़म कि अन्धेरी रात में

तलत: ख़ुद ही तड़प के रह गये
दिल कि सदा से क्या मिला
आग से खेलते रहे
हम को वफ़ा से क्या मिला - २

रफ़ी: दिल की लगी बुझा ना दे
दिल की लगी से प्यार कर
सुबह ज़रूर आयेगी
सुबह का इन्तज़ार कर

ग़म की अंधेरी रात में ...

film: Bade Dil Wala singer: Kishore
lyrics: Majrooh music: R.D. Burman

ल ल लल्ल्ल ल , ल ल लल्ल्ल ल

(जीवन के दिन, छोटे सही, हम भी बड़े दिल वाले
कल की हमें फ़ुरसत कहां, सोचें जो हम मतवाले) - २

(जीने का रंगीन मौसम
ये ख़ूबसूरत ज़माना) - २
अपने यही चार पल हैं
आगे है क्या किसने जाना

जीना जिसे आता है वो
इनमे ही मौज मान ले
कल ही हमें फ़ुरसत कहां
सोचें जो हम मतवाले

जीवन के दिन, छोटे सही, हम भी बड़े दिल वाले
कल की हमें फ़ुरसत कहां, सोचें जो हम मतवाले

सोचें जो हम मतवाले
सोचें जो हम मतवाले
सोचें जो हम मतवाले **(fades avay)**

film: non-film singer: Ghulaam Ali lyrics: music:

ना उड़ा यूं ठोकरों से

शायद तुम्हारे आने से ये भेद खुल सके - २
हैरान हैं कि आज नई बात क्या करें - २
इतनी हसीन इतनी जवां रात क्या करें

ITRANS Song Book: 1267.s

film: Man Pasand singer: Kishore
lyrics: music: Laxmikant, Pyarelal

hmmm

मनमानी से हरगिज़ ना डरो,
कभी शादी ना करो
मन मानी से हरगिज़ ना डरो,
कभी शादी ना करो

अरे, मरज़ी है, आज कहीं बाहर खाना खायें
वो कहेंगी, नहीं साहब ठीक आठ बजे घर वापस आ जायें

किताब लिये हाथ में आप चैन से बैठे हैं
वो कहेंगी, हमसे रूठे हैं?

कभी किसी भी नारी से कर लो, दो बातें
वो कहेंगी, क्या इन्हीं से होती हैं छुप के मुलाक़ातें?

अरे, तौबा बेवक़ूफ़ी की है शादी इन्तहा
अरे, औरत अपना सोचे औरों की नहीं परवाह
(क्यों ठीक नहीं कहा मैने)
जो जी मैं आये वो करो कभी शादी ना करो

मनमानी से हरगिज़ ना डरो,
कभी शादी हां कभी शादी, ना बाबा न

ITRANS Song Book: 1268.s

film: Light House singer: Asha lyrics: Sahir music:

तंग आ चुके हैं कश्मकश-ए-ज़िन्दगी से हम
ठुकरा ना दें जहां को कहीं बेदिली से हम
तंग आ चुके

लो आज हमने तोड़ दिया, रिश्ता-ए-उम्मीद - २
लो अब कभी गिला ना करेंगे किसी से हम
ठुकरा ना दें जहां को कहीं बेदिली से हम
तंग आ चुके

गर ज़िन्दगी में मिल गये फिर इत्तफ़ाक़ से - २
पूछेंगे अपना हाल तेरी बेबसी से हम
ठुकरा ना दें जहां को कहीं बेदिली से हम
तंग आ चुके

ओ आसमान वाले कभी तो निगाह कर - २
अब तक ये ज़ुल्म सहते रहे खामोशी से हम
ठुकरा ना दें जहां को कहीं बेदिली से हम
तंग आ चुके
तंग आ चुके हैं कश्मकश-ए-ज़िन्दगी से हम
तंग आ चुके

the last verse was simplified again from the original:

अल्लाह रे फ़रेब-ए-मशीयत के आज तक
दुनिया के ज़ुल्म सहते रहे खामोशी से हम

[मशीयत=the will of god]
another good one from the same ghazal is:

मायूसी-ए-माल-ए-मोहब्बत ना पूछिये
अपनों से पेश आये हैं बेगानगी से हम

[माल=termination, also, consequence]

ITRANS Song Book: 1269.s

film: Paraya Dhan singer: Kishore, chorus
lyrics: Anand bakshi music: R.D. Burman

को : ल लल्लल , ल लल्लल्ल

आज उनसे पहली मुलाक़ात होगी,
फिर आमने सामने बात होगी
फिर होगा क्या, क्या पता क्या खबर - २

(अनदेखा अन्जाना मुखड़ा कैसा होगा

सब कुछ मोहब्बतों के सिवा भूल जाइये
चेहरे ...

चेहरे से अपने आज तो परदा उठाइये
लिल्लाह मुझको चाँद सी सूरत दिखाइये

ITRANS Song Book: 1264.s

film: Do Dost singer: Manna Dey, Chorus
lyrics: Bharat Vyas music: S. Mohinder

चुप ज़मीन आसमान, कह सके ना ये ज़ुबान
दिल हिलानेवाली दो दोस्तों की दास्तान

रूप दोनों का समान, दो शरीर एक जान
ये दुखी तो वो दुखी, वो दुखी तो ये दुखी
एक रंग प्यार था, संग कारोवार था
दो दिलों को एक दूसरे पे ऐतबार था
रहते वो करीब थे, पर बड़े गरीब थे
विदेश में हो लाखों, उनके ऐसे कुछ नसीब थे
दिल को दिल से जोड़ के, घर से मुखड़ा मोड़ के
धन कमाने के लिये चले वतन को छोड़ के
चुप ज़मीन आसमान ...

लोग छल कपट निहाये (?), सुख में दुखड़े भर दिये
चांदी के चाँद टुकड़ों ने, दिलों के टुकड़े कर दिये
सच को झूठ ने ठगा, ?? का अगन जगा
पीठ पीछे वर कर दोस्त ने दिया दगा
दोस्त ने दिया दगा, दोस्त ने दिया दगा
दिया दगा, दिया दगा
चुप ज़मीन आसमान ...

पश्चाताप की आग लगी तो, वही धरम फिर जागा
अन्याई इन्सान के दिल का, पाप निकल के भागा
झूठ का भरम खुला, सत्य का दिया जला
जोश जान की जगी, बुरा भी बन गया भला
दोनो दोस्त मिल गये, दिल के फूल खिल गये
प्यार के जो तार बंद थे, वो फिर से हिल गये
कट गयी वो दुश्मनी, दोस्ती के वार से
पिछले पाप मिट गये आँसुओं के धार से

चुप ज़मीन आसमान, कह सके ना ये ज़ुबान
दिल हिलानेवाली दो दोस्तों की दास्तान

ITRANS Song Book: 1265.s

film: Cha Cha Cha singer: Rafi
lyrics: Neeraj music: Iqbal Qureshi

सुबह ना आई, शाम ना आई (२)
जिस दिन तेरी याद ना आई, याद ना आई
सुबह ना आई, शाम ना आई

कैसी लगन लगी ये तुझ से, कैसी लगन ये लगी
हंसी खो गई, खुशी खो गई
आंसू तक सब रहन हो गई
अर्थी तक सब नीलाम हो गई (२)
दुनिया ने दुश्मनी निभाई, याद ना आई
सुबह ना आई, शाम ना आई

तुम मिल जाते तो हो जाती पूरी अपनी राम कहानी
घर घर ताज महल बन जाता, गंगा जल आँखों का पानी
सांसों ने हथकड़ी लगाई, याद ना आई
सुबह ना आई, शाम ना आई

जैसे भी हो, तुम आ जाओ
आग लगी है तन में और मन में (२)
एक तार की दूरी है (२)
बस दामन और क़फ़न में
हुई मौत के संग सगाई, याद ना आई

आ जाओ, आ जाओ, आ जाओ

ITRANS Song Book: 1266.s

film: Aaj Aur Kal singer: Rafi lyrics: Sahir music:

इतनी हसीन इतनी जवां रात क्या करें - २
जागे हैं कुछ अजीब से जज़बात क्या करें
इतनी हसीन इतनी जवां रात क्या करें

सांसों में घुल रही है किसी सांस की महक - २
दामन को छू रहा है कोई हाथ क्या करें - २
इतनी हसीन इतनी जवां रात क्या करें

(slow)
हेहे है हेहे है , हेहेहेहे हेहेहेहे
दो दो दो दो, बब बब बबबबब

ऐ हसीनों, नाज़नीनों , मैं दिल हथेली पे लेके आ रहा हूँ - २
जवाब दो भी, मेरी सुनो भी
मैं कबसे नग़मे मोहब्बत के गा रहा हूँ
ऐ हसीनों ...

डो ड्ओ ड्ऊओ ऊऊऊउओ

(now fast)
दिल मेरा है एक खज़ाना, छिपा जिस है दर्द पुराना
कोई है कोई लेने वाला, जो प्यार का है दीवाना
परवाना कोई आता है नहीं, मैं कब से शम्में जला रहा हूँ
ऐ हसीनों ...

हा हा हा ओहो ओहो ओहो

मैं सौदागर भी नहीं हूँ, कोई जादूगर भी नहीं हूँ
बेकार हूँ ना आवारा, बेघर बेदर भी नहीं हूँ
मैं हूँ मतवाला, एक दिलवाला, साथ देगा कोई मैं बुला रहा हूँ
ऐ हसीनों

बबद बबद दशपेथ दशपेथ पेथ बेन मुशर

राही हूँ मैं अपनी धुन का, कहीं और चल जाऊंगा
ढूँढोगे मुझे रो रो के, मैं हाथ नहीं आऊँगा
ज़िद्दी हूँ मगर, नहीं दिल का बुरा
जो है दिल में, वो होंठों पे ल रहा हूँ
ऐ हसीनों ...

ऐ हसीनों, नाज़नीनों, मैं दिल हथेली पे लेके आ रहा हूँ - २
जवाब दो भी, मेरी सुनो भी - २
जवाब दो भी, मेरी सुनो भी **(fades away)**

film: New Delhi singer: Kishore, chorus
lyrics: Shailendra music: Shankar, Jaikishan

नखरेवाली
को: आ आ आ आ
नखरेवाली, देखने में देख लो है कैसी भोली भली
को: आ आ आ आ
अजनबी ये छोरियां, दिल पे डालें डोरियां
मन कि काली
को: आ आ आ आ
वो तो कोई और थी जो आँखों से, समा गई दिल में
को: वो तो कोई और थी जो आँखों से, समा गई दिल में
डिडली आए डोड्लू आउ डिडली ऐइ

बेशरम, बेवफ़ा, अपना कुछ अता पता बता तो दे
ओ, बेरहम उंह्हु हुंह
बेकली ओह हो हो
बेकसी ऊंह्हु हुंह
कुछ तो कम हो तो फिर से मुस्कुरा तो दे
ओ, बेरहम
को: वो तो कोई और थी, जो आँखों से समा गई दिल में
वो तो कोई और थी, जो आँखों से समा गै दिल में

डिडली आए डोड्लू आउ डिडली ऐइ

film: Palki singer: Rafi
lyrics: Shakeel Badayuni music: Naushad

सदकों उतारिये के ना लागे कहीं नज़र
सेहरे में आज फूल सा मुखड़ा है जलवागर

चेहरे से अपने आज तो परदा उठाइये - (२)
लिल्लाह मुझको चाँद सी सूरत दिखाइये

आंचल में मुँह छुपाके ना शरमाइये हुज़ूर
कुछ दिल कि बात कीजिये कुछ मुस्कुराइये
चेहरे ...

इतने करीब आके भी दिल को सुकून नहीं
जी चाहता है और भी नज़दीक आइये
चेहरे ...

आई है ज़िन्दगी में ये बेखुदी की रात

मेरे साथी ...
मेरे साथी ख़ाली जाम

ITRANS Song Book: 1258.s

film: Lakhon Mein Ek singer: Kishore, Lata
lyrics: Anand Bakshi music: R.D. Burman

कि : चँदा ओ चँदा - २
किसने चुराई तेरी मेरी निंदिया
जागें सारी रैना तेरे मेरे नैना - २

(हँसके मैं तेरा मन बहलाऊं
अपने ये आँसू मगर किसे मैं दिखाऊं) - २
मैंने तो गुज़ारा, जीवन सारा, बेसहारा, हो
जागें सारी रैना तेरे मेरे नैना
चँदा ओ ...

(तेरी और मेरी, एक कहानी
हम दोनो कि कदर, किसी ना जानी) - २
साथ ये अन्धेरा, जैसे मेरा, वैसे तेरा, हो
जागें सारी रैना तेरे मेरे नैना

लता : चँदा ओ चँदा
किसने चुराई तेरी मेरी निंदिया
जागें सारी रैना तेरे मेरे नैना - २

कि : जागें सारी ...

ITRANS Song Book: 1259.s

film: Ziddi (1948) singer: Kishore
lyrics: Prof. Jazbi music: Khemchand Prakash

मरने की दुआएं क्यों मांगूं
जीने कि तमन्ना कौन करे, कौन करे
ये दुनिया हो या वो दुनिया, अब ख़्वाहिश-ए-दुनिया कौन करे, कौन करे
मरने की ...

जो आग लगाई थी तुमने - २
उसको तो बुझाया अश्कों ने - २
जो अश्कों ने भड़काई है, उस आग को ठंडा कौन करे, कौन करे
मरने की ...

जब कश्ती साबित-ओ-सालिम थी - २
साहिल कि तमन्ना किसको थी - २
अब ऐश इकट्ठा कश्ती पर
साहिल की तमन्ना कौन करे, कौन करे
मरने की ...

ITRANS Song Book: 1260.s

film: Bahar singer: Kishore
lyrics: Rajinder Krishan music: S.D. Burman

(क़ुसूर आप का, हुज़ूर आप का
मेरा नाम लीजिये ना मेरे बाप का) - ३

left right! left right! right turn !
left right! left right! about turn !

गुस्से को छोड़िये, धीरे धीरे बोलिये
मेरी सरकार ज़रा आँखों को खोलिये
फ़ैशन को भूल के, आओ ज़रा होश में
धोखे में आओ ना जवानी के जोश में
फ़ायदा है क्या झूठी टीप-टाप का
मेरे नाम लीजिये ना मेरे बाप का
क़ुसूर आप का ...

अहा अहा, है है है ओहो ओहो ही ही

कोई बात कीजिये तो पहले तोल के
चलिये ना चाल ऐसे डोल-डोल के
हुस्न का हुज़ूर को बड़ा मान है
हुस्न चार रोज़ का मेहमान है
कहां जायेगा ग़ुरूर आप का
मेरे नाम लीजिये ना मेरे बाप का
क़ुसूर आप का ...

left right! left right! about turn !

ITRANS Song Book: 1261.s

film: Chacha Zindabaad singer: Kishore
lyrics: Rajinder Krishan music: Madan Mohan

आग में जल के भी जो निखारे, है वोही सच्चा सोना, है वोही सच्चा सोना है हो
छोटी सी ...

दिल की दौलत मत ठुकराओ, देखो पछ्ताओगे
आज चले जाते हो जैसे, लौट के भी आओगे, लौट के भी आओगेगीत झुकते है लबों पे, साज़ करते हैं गुलामी
छोटी सी ...

ITRANS Song Book: 1255.s

film: Ham Sab Ustad Hain singer: Kishore
lyrics: Asad Bhopali music: Laxmikant, Pyarelal

अजनबी **[loud]**

अजनबी, तुम जाने पहचाने से लगते हो - २
ये बड़ी अजीब सी बात है, ये नई नई मुलाकात है
फिर भी जाने क्यों, अजनबी ...

तुमने कभी प्यार किया था किसी राही से - २
तुमने कभी वादा किया था किसी साथी से
ना वो प्यार रहा, ना वो बात रही
फिर भी जाने क्यों, अजनबी ...

दिल में रहे और हमारा दिल तोड़ दिया - २
साथ चले, मोड़ पे आके हमें छोड़ दिया
तुम हो कहां, और हम कहां
फिर भी जाने क्यों, अजनबी ...

ITRANS Song Book: 1256.s

film: Ham Kisise Kam Nahin singer: Kishore
lyrics: Majrooh music: R.D. Burman

बचना ऐ हसीनों, लो मैं आ गया
हाय, बचना ऐ हसीनों, लो मैं आ गया
हुस्न का आशिक़, हुस्न का दुश्मन
अपनी अदा है यारों से जुदा
कोरस : है हो
है, बचना ...

है, दुनिया में नहीं है, आज मेरा सा दीवाना
प्यार वालों की ज़ुबां पे है मेरा ही तराना
सबकी रंग भरी आँखों पे आज, चमक रहा है मेरा ही नशा
है, बचना ...

जाम मिलतें हैं अदब से, शाम देती है सलामी
गीत झुकते है लबों पे, साज़ करते हैं गुलामी
हो कोई, परदा या बादशाह, आज तो सब हैं मुझपे फ़िदा
कोरस : है हो
है, बचना ...

एक हंगामा उठा दूं, मैं तो जाऊं जिधर से
जीत लेता हूं दिलों को, एक हल्की सी नजर से
महबूबों की महफ़िल में आज, छायी है छायी है मेरी ही अदा
कोरस : है हो

है, बचहना ...

ITRANS Song Book: 1257.s

film: Dooj Ka Chand singer: Rafi
lyrics: Sahir music: Roshan

महफ़िल से उठ जानेवालों, तुम लोगों पर क्या इल्ज़ाम
तुम आबाद घरों के बासी, मैं आवारा और बदनाम
मेरे साथी, मेरे साथी, मेरे साथी खाली जाम
मेरे साथी खाली जाम

दो दिन तुम ने प्यार जताया, दो दिन तुम से मेल रहा
अच्छा खासा वक़्त कटा, और अच्छा खासा खेल रहा
ही ही **(hollow laughter)**
अच्छा खासा खेल रहा
अब उस खेल का फ़िक्र ही कैसा, वक्त कटा और खेल तमाम
मेरे साथी ...

तुम ने ढूँढी सुख की दौलत, मैंने पाला ग़म का रोग
कैसे बनाता कैसे निभाता, ये रिश्ता और ये संजोग
मैं ने दिल को दिल से तोला, तुम ने मांगे प्यार के दाम
मेरे साथी ...

तुम दुनिया को बेहतर समझे, मैं पागल खारखार (?) हुआ
तुम को अपना नहीं निकला था, खुद से भी बेज़ार रहा
ही ही **(hollow laughter again)**
खुद से भी बेज़ार रहा
देख लिया बर्खास्त (?) तमाशा, जान लिया अपना अन्जाम

कहीं करती होगी, वो मेरा, इंतज़ार
जिसकी तमन्ना में, फिरता हूं बेक़रार

दूर ज़ुल्फों कि छाओं से,
कहता हूं मैं हवाओं से
उसी बुत कि अदाओं के, अफ़साने हज़ार
वो जो बाहों में मचल जाती,
हसरत ही निकल जाती,
मेरी दुनिया बदल जाती, मिल जाता क़रार
कहीं करती होगी ...

अरमान है कोई पास आये,
इन हाथों में वो हाथ आये,
फिर ख्वाबों की घटा छाये, बरसाये खुमार
उन्हीं बीती दिन रातों पे,
मतवाली मुलक़ातों पे,
उल्फ़त भरी बातों पे, हम होते निसार

कहीं करती होगी, वो मेरा, इंतज़ार
जिसकी तमन्ना में, फिरता हूं बेक़रार

film: Andhaa Kanoon singer: Kishore
lyrics: Anand Bakshi music: Laxmikant, Pyarelal

(रोते रोते हँसना सीखो, हँसते हँसते रोना
जितनी चाभी भरी राम ने, अरे उतना चले खिलौना) - २

हम दो एक हमारी प्यारी प्यारी मुनिया है
बस यही चोटी सी अपनी सारी दुनिया है
हम दो एक हमारी प्यारी प्यारी मुनिया है
खुशियों से आबाद है, अपने घर का कोना कोना
रोते रोते ...

बड़ी बड़ी खुशियां हैं छोटी छोटी बातों में
नन्हे मुन्हे तारे जैसे सोती रातों में
बड़ी बड़ी खुशियां हैं छोटी छोटी बातों में
ऐसा सुन्दर है ये जीवन, जैसे कोई सपना सलोना
रोते रोते ...

मौसम बदले तो, मत डर जाना गुड़िया रानी
सवन में बिजली चमकेगी, बरसेगा पानी
धरती अम्बर भीग जायें, नैनों को नहीं भिगोना
रोते रोते ...

film: Bambai Ka Chor singer: Kishore
lyrics: Rajinder Krishan music: Ravi

(हसरत ही रही, हमसे भी कभी कोई प्यार करता, कोई प्यार करता
कोई दिल हमारे भी मीठी नजर एक बार करता कोई प्यार करता) - २

निकले थे हम दिल की झोली लिये, दुनिया ने कांटे ही कांटे दिये- २
इतने तो बुरे हम ना थे, कोई हमसे नजर चार करता, कोई प्यार करता
हसरत ही ...

दुनिया में क्या क्या ना मेले रहे, हम थे अकेले अकेले रहे - २
दिल रखते थे हम, हमको भी कोई दिलदार करता, कोई प्यार करता
हसरत ही ...

मांगी थी हमने खुदाई कहां, ठोकर पे ठोकर मिली जो यहां - २
क्या जाता अगर कोई दिल का नगर गुलज़ार करता, कोई प्यार करता
हसरत ही ...

film: Rangoli singer: Kishore
lyrics: Shailendra music: Shankar, Jaikishan

छोटी सी ये दुनिया, पहचाने रस्तें हैं
तुम कभी तो मिलोगे, कहीं तो मिलोगे तो पूछेंगे हाल
छोटी सी ...

हम तो ये समझेंगे हमने एक पत्थर को पूजा
लेकिन तुमको अपने जैसा नहीं मिलेगे दूजा, नहीं मिलेगा दूजा
छोटी सी ...

सीखा नहीं हमारे दिल ने प्यार में धीरज खोना

आँखें मेरी देख राही हैं सोते उठते ये सपना
मेरे गले में डाल राही हो तुम बाहों का हार
तुम ही तो लाई हो ...

ITRANS Song Book: 1248.s

film: Nishaan singer: Kishore
lyrics: Gulshan Bawra music: Rajesh Roshan

लहरों कि तरह यादें, दिल से टकराती हैं
तूफ़ान उठाती हैं
लहरों ...

(किस्मत में है घोर अंधेरे,
रातें सुलगती, धुंधले सवेरे) - २
लहरों ...

हो हो हो ओहो ओहो हो

(तकते तकते सूनी राहें
पठरा गयीं हैं अब तो निगाहें) - २
लहरों ...

(बरसों से दिल पे बोझ उठाए
ढूँढ रहा हूं प्यार के संग) - २
लहरों ...

ITRANS Song Book: 1249.s

film: Haathi mere saathi singer: Kishore
lyrics: music: Laxmikant, Pyarelal

चल चल चल मेरे हाथी, ओ मेरे साथी
चल ले चल खटारा खींच के
चल यार, धक्का मार
बंद है मोटर कार
चल यार धक्का मार
चल चल चल ...

फूलों सी नाज़ुक है वो, मोटर में बैठी है जो
आहिस्ता आहिस्ता चल, उसको ना तकलीफ़ हो
हाय हाय, खा ना जाये
हाय हाय, खा ना जाये उसकी नाज़ुक कमरिया बल, चल
चल चल चल ...

है है ओहो हो ...

खिदमत तेरी काम दे, शायद वो ईनाम दे
कर उस हसीं को सलाम, आँखों से पैगाम दे
पास आजा, ओ सुन राजा
पास आजा, ओ सुन राजा
ऐसा मौका ना जाये निकल, चल
चल चल चल ...

तू यारों का यार है, कितना वफ़ादार है
झूठा है सारा जहाँ, सच्चा तेरा प्यार है
तू पगला, ना बदला,
तू पगला, ना बदला
सारी दुनिया गयी है बदल, चल
चल चल चल ...

ITRANS Song Book: 1250.s

film: Door Gagan Ki Chhaaon Mein singer: Kishore
lyrics: Shailendra? music: Kishore kumar

कोई लौटा दे मेरे, बीते हुए दिन - (२)
बीते हुए दिन वो हाय, प्यारे पल छिन
कोई लौटा दे ...

मैं अकेला तो ना था, थे मेरे साथी कई
एक आँधी सी उठी, जो भी था लेके गई
आज मैं ढूँढूं कहां, खो गये जाने किधर - २
बीते हुए दिन वो हाय, प्यारे पल छिन
कोई लौटा दे ...

मेरे ख्वाबों के नगर, मेरे सपनों के शहर
पी लिया जिनके लिये, मैंने जीवन का ज़हर
ऐसे भी दिन थे कभी, मेरी दुनिया थी मेरी - २
बीते हुए दिन वो हाय, प्यारे पल छिन
कोई लौटा दे ...

ITRANS Song Book: 1251.s

film: Phir Kab Milogi singer: Mukesh, Lata lyrics: music:

भूला नहीं सदा ये
वो हरजाई तारों के संग
अपनी रास रचाये
चाँद से प्रीत लगाये
पंछी बावरा ...

[there's another stanza beginning vith "kaun bataaye tujhe chakoraa" but i couldn't get head or tail of the rest of the words]

film: The best of Sajda singer: Lata, Jagit
lyrics: Qatil Shifai music:

ओ दर्द से मेरा दामन भर दे, या अल्लाह
फिर चाहे दीवाना कर दे, या अल्लाह

मैंने तुझसे चाँद सितारे कब मांगे
रोशनी दे, बेज़ार नज़र दे, या अल्लाह

सूरज सी इक चीज़ तो हम सब देख चुके
सचमुच कि अब कोई सहर दे, या अल्लाह

या धरती के ज़ख्मों पे मरहम रख दे
